हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 25 मार्च 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला में 18 प्रकार की औषधियों का हो रहा प्रसंस्करण
2



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारी सचिव सहित कर्मचारी होंगे सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में प्रशासनिक कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित करने वाले पटवारी, सचिव सहित कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह पहल उन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की जा रही है, जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समयबद्धता के साथ किया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि पटवारी, सचिव सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे, गिरदावरी और मतदाता जागरूकता, पेंशन योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सराहनीय योगदान दिया गया है। इन कार्यों के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी बेहतर कार्य कर रहे है उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इससे अन्य कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

### भीषण गर्मी व ताप लहर से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

**जांजगीर-चांपा।** बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव को देखते हुए निदेशक ट्रेनिंग ऑपरेशन अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवांए नगर सेना तथा नागरिक सुरक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा आम नागरिकों के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय एवं दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जहां तक संभव हो तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच। प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा यात्रा के दौरान हमेशा पीने का पानी साथ रखें। हल्के रंग के, ढीले और सूती कपड़े पहनें तथा धूप में निकलते समय सुरक्षात्मक चश्मा, छाता या टोपी का उपयोग करें। सिर को ढकने के लिए तौलिया या कपड़ा तथा पैरों में जूते या चप्पल पहनना आवश्यक बताया गया है। आहार में हल्का भोजन शामिल करें और पानी की मात्रा से भरपूर फल जैसे खरबूजा, ककड़ी और खट्टे फल का सेवन करें। मांस और नट्स जैसे उच्च प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें, जो चयापचय ऊष्मा को बढ़ाते हैं। साथ ही बाहर का और बासी खाना खाने से बचें।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 तक

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है।

घर घर दस्तक देकर की जाएगी जांच पडताल

# जिले के 206 ग्राम पंचायत अब तक नहीं हो सके टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के 5 ब्लाक अंतर्गत 334 ग्राम पंचायते आती है। इनमें से 128 ग्राम पंचायतो को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। वही अभी भी 206 पंचायते टीबी मुक्त नही हो सकी है। अब स्वास्थय विभाग के अधिकारी कर्मचारी लोगों के घरो तक पहुंचकर इसकी जांच पडताल करेगें।

गौरतलब है कि राज्य शासन के स्वास्थय मंत्रालय के द्वारा राज्य को टीबी बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी के तहत मंगलवार 24 मार्च को टीबी दिवस के साथ अभियान भी शुरू हो चुका है। जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक पामगढ, नवागढ, अकलतरा, बलौदा एवं बम्हनीडीह अंतर्गत 334 ग्राम पंचायते शामिल है। इसमें 128 ग्राम पंचायतो को टी बी मुक्त घोषित किया जा चुका है। वही अभी 206 पंचायतो को टी बी बीमारी से मुक्त किया जाना बाकी रह गया है। एक तरफ तो स्वास्थय विभाग के द्वारा लोगो को जनजागरूकता के माध्यम से टी बी बीमारी से दुर रहने की जानकारी दी जाती है। वही प्रचार प्रसार के नाम पर लाखो रूपऐ खर्च भी कर देते है। इन सबके बावजूद आज भी ग्रामिण क्षेत्रो में कई लोग टी बी बीमारी से प्रभावित है। वही जानकारी के अभाव में स्वास्थय संबंधित समस्याओ से जुझ रहे है। इस बीमारी को जड से समाप्त करने के उदेश्य से मंगलवार 24 मार्च से स्वास्थय विभाग की टीम के द्वारा लोगो के घरो तक दस्तक देकर लोगो को टी बी बीमारी एवं उससे होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर जानकारी प्रदान की जा रही है। टी बी के लक्षण पाऐ जाने की स्थिति मे संबंधितो का उपचार भी मौके पर से किया जाना जरूरी है। इसके साथ ही मरीजो को पोषण आहार एवं फल भी दिया जाना जरूरी है। इसके अलावा जो मरीज टी बी बीमारी से प्रभावित उनके उपचार एवं दवाई को लेकर हर महीने करीब 1 हजार रूपऐ की राशि दिए जाने का नियम भी शासन स्तर से बनाई गई है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग टी बी बीमारी से दुर होकर बेहतर जीवन यापन कर सके। इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसी के तहत मंगलवार 24 मार्च से स्वास्थय विभाग का अमला टीबी के मरीजों की जांच करने निकला। गांव गांव में जाकर टीम द्वारा घरो तक दस्तक देकर टी बी बीमारी को लेकर लोगो की जांच की जा रही है।


जांच करने पहुंची स्वास्थय विभाग की टीम।

### मौके पर मशीन एवं एक्सरे की सुविधा

टी बी मुक्त अभियान को लेकर स्वास्थय विभाग की टीम के द्वारा लोगो के घरो तक दस्तक देकर उनके स्वास्थय एवं टी बी को लेकर जानकारी लेगें। वही किसी तरह का मामला सामने आने के दौरान मौके पर ही बलगम की जांच के साथ साथ जरूरत के हिसाब से एक्स रे भी किया जाएगा, ताकि टी बी बीमारी के लक्षण पाऐ जाने की स्थिति में मौके पर ही उपचार किया जा सके। इसके लिए शासन स्तर पर मंगलवार से जांच का काम प्रारंभ भी कर दिया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस बीमारी से दुर होकर टी बी मुक्त अभियान में अपनी सहभागिता निभा सके।

### टी बी के लक्षण

सीने में दर्द होने के साथ साथ सांस लेने में परेशानी, वजन का तेजी के साथ कम होना एवं भूख कम लगना भी टी बी बीमारी के लक्षण है। इसी प्रकार रात में अधिक पसीना निकलना, खांसी में बलगम आना, खुन आना एवं लगातार 15 दिनो तक खांसी आना भी टी बी बीमारी के लक्षण हो सकते है। इसे रोकने को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम स्वास्थय विभाग की टीम के द्वारा किया जा रहा है।

### घर घर करेगें जांच

टीबी मुक्त अभियान को लेकर स्वास्थय विभाग की टीम लोगो के घरो तक पहुंचकर उनके स्वास्थय के बारे मे जानकारी लेगी। वही किसी तरह का मामला सामने आने पर जांच की जाएगी। जिले के 128 ग्राम पंचायतो को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है।

-श्रीमति अनिता श्रीवास्तव, प्रभारी सीएमएचओ, जांजगीर चाम्पा

# डकैती, लूटपाट और गोलीकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल

## शिवरीनारायण और पामगढ़ इलाके में बढ़ रहे गंभीर अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिवरीनारायण और पामगढ़ क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार गंभीर अपराध सामने आ रहे है। क्षेत्र में अपराधी तत्व सक्रिय है। लूट और डकैती की कई वारदात हो चुकी है। वहीं गोलीकांड भी सामने आ चुका है। ऐसे में इस क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जिले में वैसे तो लूटपाट और चोरी जैसी वारदात अक्सर सामने आती है, लेकिन शिवरीनारायण और पामगढ़ थाना क्षेत्र में इन दिनों ऐसी वारदातों ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी के कई मामले सामने आ चुके है। हालांकि पुलिस ने कई मामलों में आरोपियों को पकड़ा है, लेकिन कुछ मामलों में पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि दिनदहाड़े गंभीर अपराध हो रहे है। नगर पंचायत राहौद में 19 मार्च की सुबह भी कुछ ऐसा ही हुआ। दुकानदार सुदीप कुमार सुबह करीब 8 बजे जब अपनी पत्नी के साथ दुकान पहुंचा तो पहले से ही 4 युवक अंदर घुसे हुए थे। युवकों ने दुकान से मोबाइल चोरी कर ली थी। सुदीप और उसकी पत्नी ने जब देखा तो चारों युवकों ने मिलकर उनकी पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद तीन युवक भाग निकले, जबकि एक युवक को सुदीप और उसकी पत्नी ने पकड़ लिया। पुलिस ने मामले में पकड़े गए युवक पामगढ़ निवासी 24 वर्षीय प्रियेश बर्मन को गिरफ्तार किया। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसके बावजूद अब तक अन्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इसके अलावा भी क्षेत्र में चोरी और लूटपाट की कई घटनाएं बीते दिनों में सामने आ चुकी है। ऐसे में क्षेत्रवासी दहशत में है। इधर पामगढ़ थाना क्षेत्र के ब्यासनगर में 23 मार्च को एक बड़ी वारदात सामने आई। गांव में मामूली विवाद पर दो पक्षों में जमकर बवाल हुआ। इस पर रिटायर्ड फौजी ने गोली चला दी। वहीं मौके पर तलवार और अन्य औजार भी निकल गए थे। विवाद के दौरान जमकर पत्थरबाजी भी हुई। क्षेत्र में इस तरह की आपराधिक गतिविधि बढने से पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी पर भी सवालिया निशान खडे हो रहे है।



### लूट और जानलेवा हमलों का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

शिवरीनारायण और पामगढ़ क्षेत्र में एक ही रात में लूट और जानलेवा हमलों की वारदात करने वाले गिरोह के मास्टर माइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 6 अलग-अलग घटनाओं में शामिल मुख्य आरोपी रामनाथ गोंड उर्फ रामनाथ सबरिया, उम्र 23 वर्ष, निवासी राहौद थाना शिवरीनारायण को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में 7 अन्य आरोपी और 2 विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ा जा चुका है। गिरोह ने 29 जनवरी 2026 की रात शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम कचंदा के पास आरोपियों ने तीन अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं 27 जनवरी को पामगढ़ क्षेत्र में भी जोगिया नाला पुल, ग्राम मेउ और चेऊडीह में लूट और मारपीट की वारदातें सामने आई थीं। मुख्य आरोपी रामनाथ गोंड पहले से ही हत्या के प्रयास के एक मामले में जेल में बंद था, जिसे प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल स्टील पाइप और लूटे गए 5 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### बनाएंगे संयुक्त टीम

पामगढ़ क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए रणनीति बनाई गई है। सायबर सेल के साथ थानों के टीमों का गठन किया जाएगा। इसको लेकर जल्द व्यवस्था बनाएंगे।

-विजय कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा

# मादक पदार्थों की खेती करते पाए जाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मादक पदार्थों की खेती करने के मामले सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए कलेक्टर एवं एसपी के द्वारा संयुक्त टीम का गठन किया गया है, जो गांव गांव पहुंचकर खेतों का निरीक्षण एवं फसलों के संबंध में जानकारी लेंगे।

ज्ञात हो कि मंगलवार 24 मार्च को जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं पुलिस अधीक्षक शप्रफुल्ल ठाकुर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए इस पर निरंतर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

- कलेक्टर एवं एसपी ने संयुक्त टीम का किया गठन

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में संभावित अफीम सहित अन्य अवैध फसलों की पहचान एवं रोकथाम के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारी, सचिव और कोटवार की संयुक्त टीम तथा शहरी क्षेत्रों में पटवारी एवं नगरीय निकायों के अमले को मिलकर सतत निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर राजस्व, पुलिस और वन विभाग को तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। कृषि, उद्यानिकी एवं रेशम विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निगरानी में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को गांव-गांव जाकर खेतों का निरीक्षण करने, संदिग्ध फसलों की पहचान करने और समय पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रशासन ने अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।




### खनिज के अवैध भंडारण पर कार्रवाई, 15 वाहन किए जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोकथाम हेतु खनिज विभाग के उडनदस्ता दल द्वारा जिले के केवा, नवापारा, भादा, पुछेली, पिपरदा, बम्हनीडीह, केराकछार, खोरसी, देवरघटा, शिवरीनारायण आदि क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन, भण्डारण, उत्खनन करने वाले वाहनो व स्थानो का औचक जांच किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान जिले में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते कुल 15 प्रकरण दर्ज कर जब्ती की कार्रवाई की गई है। जिसमें खनिज रेत अवैध परिवहन के 9 प्रकरण 6 ट्रेक्टर, 3 हाईवा, मिट्टी (ईंट) के 3 प्रकरण 3 ट्रेक्टर तथा खनिज चूनापत्थर अवैध परिवहन के 3 प्रकरण 3 ट्रेक्टर शामिल है। जप्त वाहनों को जिले के जांच क्षेत्र अंतर्गत स्थित थाना, शिवरीनारायण, पामगढ़, बिर्रा, पंतोरा तथा पुलिस लाईन जांजगीर में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिजों के अवैध परिवहन के दर्ज प्रकरणों पर अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के संबंध में खनिज विभाग द्वारा निरंतर जांच कार्यवाही की जा रही है,

## मां के दरबार में मनोकामना लेकर पहुंचते हैं भक्त

# सरई पेड़ पर विराजती है मां सरई श्रृंगारणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डोगरी में मां सरई श्रृंगारिणी का धाम है। देवी मां यहां सरई के पेड़ पर विराजती है। जो भी भक्त अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते है उसकी सभी मुराद मां सरई श्रृंगारणी अवश्य पूरी करती है। यहां माता के प्रति भक्तों की टूट आस्था है।

बलौदा से कोरबा की ओर जाने वाले मार्ग में भिलाई-कोरबी मार्ग पर ग्राम डोंगरी में सरई पेड़ पर मां सरई श्रृंगारणी विराजी है। इसको लेकर मान्यता है कि सरई का वह पेड़ जिसे कालांतर मे काटा गया था जो कि अपने आप में सरई श्रृंगार मां की कृपा से जुड़ गया। इसी सरई के पेड़ पर मां सरई श्रृंगारिणी का वास है। माता की महिमा ऐसी है कि इस क्षेत्र में कोई भी पेड पौधों की कटाई नहीं करता। इसके अलावा इस परिसर की लकड़ी या कोई अन्य सामग्री को लेकर जाने की हिम्मत नहीं जुटाता। डोंगरी तथा क्षेत्र के निवासी मां की महिमा जान तथा मानकर नवरात्रि पर्व में ज्योति प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं पूरी करते है। भूलवश एक वर्ष नवरात्रि में जवा क्लश स्थापना तथा ज्योति पूजन नही किया गया उस वर्ष देवी द्वारा पुनः एक नई आश्चर्यचकित कर देने वाली घटना घटित हुई। देवी के प्रकोप से नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही डोगरीवासी आदि व्याधि से ग्रस्त होने लगे सप्ताह पूरा होने के पहले त्राहि-त्राहि मच गई। ग्राम के बुजुर्ग जन बैगा को साथ ले मां सरईश्रंगार से अनुनय विनय की आकांक्षा में निकले युवकों ने उनका अनुसरण किया। मां सरईश्रंगार देवी धाम डोगरी में सालों से अखंड धुनी जल रही है।


डोंगरी में सरई के पेड़ पर मां सरई श्रृगारिणी का वास।



## खबर संक्षेप



### हेल्थ कैंप में 238 लोगों को मिला निःशुल्क उपचार

**कोरबा।** ग्राम बेलाकछार में हेल्पेज इंडिया द्वारा बालको सीएसआर के तत्वावधान मे हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कैंप में शिशु रोग, अस्थि रोग, त्वचा रोग, स्त्री रोग एवं दंत रोग विशेषज्ञों के साथ जनरल मेडिसिन चिकित्सकों की सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा लैब जांच और फिजियोथेरेपी की सुविधाएं भी उपलब्ध रहीं। सभी लाभार्थियों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ नेचुरल दवाइयों का वितरण किया गया। इस हेल्थ कैंप में 238 लाभार्थियों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। साथ ही हेल्पेज इंडिया एवं बालकों सीएसआर के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों को वॉकर और स्टिक का भी वितरण किया गया, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम में ग्राम के पंच-सरपंच सहित सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### रजगामार रोड पर लूटपाट की वारदात पर जन चिंतक मंच ने जताई चिंता



**कोरबा।** कोरबा से रजगामार के रास्ते में आते-जाते राहगीरों के साथ कुछ समय से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूटपाट व पथराव की घटना को अंजाम देकर मोबाइल व नगदी रकम की लूट करने का मामला सामने आ रहा है। जिसको लेकर जनचिंतक मंच ने पुलिस द्वारा कड़ी गश्त की मांग की गई है। जनचिंतक मंच के प्रदेश संगठन महा प्रमुख अरुण कुमार सरकार द्वारा रजगामार थाना प्रभारी का ध्यान आकर्षित करते हुए ज्ञापन सौपा है और क्षेत्र के पुलिस से यह मांग की है कि इस तरह की वारदात को रोका जाए ताकि राहगीरों के साथ कोई अप्रिय घटना ना घटे। यह घटना कोरबा से रजगामार आते वक्त इंडो स्पंज से लेकर सर्फिन देवी मंदिर के आसपास घट रही है। इस दौरान में जनचिंतक मंच के पदाधिकारी खिलावन पटेल,यशवंत कुमार, सुरेंद्र साहू विनोद केवट देव खैरवार,धर्मेंद्र साहू नेहरू लाल युगल पुजारी आदि उपस्थित थे।

### ग्राम चुईया में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**कोरबा।** एचटीपीएस कोरबा पश्चिम की ओर से ग्राम चुईया में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम चुईया के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को कहा कि मुझे उम्मीद है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी जो नुस्खे बताएं हैं, उसे आप सबने उसे बड़े ध्यान से सुना होगा और अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए आप इन विशेषज्ञ सलाहों का पालन करेंगे। हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम के समीपस्थ गांवों में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन कर रहा है। शिविरों का लाभ ग्राम चुईया की महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग सहित कुल 110 ग्रामवासियों ने उठाया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एसके गोठी, सुमित सिंह, टीपी. सिंह, डॉ. एससी खरे, डॉ. श्वेतांबरी महंता, डॉ. प्रीति पूनम कुजूर, वेदांता अस्पताल के डॉ.दीपक साहू, कार्यपालन अभियंता सुधीर टिकरिहा, मनोज मिश्रा, जनसंपर्क अधिकारी बसंत शाहजीत, स्वास्थ्य विभाग की टीम और अन्य अधिकारी एवं ग्राम के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला में 18 प्रकार की औषधियों का हो रहा प्रसंस्करण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला का निरीक्षण छग राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने की। श्री शर्मा ने समूह द्वारा प्रसंस्कृत सर्दी-खांसी चूर्ण, मधुमेह नाशक चूर्ण, आमलकी चूर्ण, पायोकिल चूर्ण, अजमोदादि चूर्ण, केशपाल चूर्ण, अर्जुन त्वक चूर्ण का अवलोकन कराते हुये उसके उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। समूह द्वारा प्रसंस्करण किये जा रहे 18 प्रकार के औषधि का पाम्पलेट को देखते हुये प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं पाम्पलेट को अच्छे क्वालिटी का फोल्डर बनाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही परिसर के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है और अच्छे से साफ-सफाई पर जोर देने को कहा गया। इसके पश्चात समूह द्वारा भण्डारित समस्त कच्चे औषधि का निरीक्षण कराते हुये क्रय प्रक्रिया के बारे में समूह से जानकारी ली गई। भविष्य में समूह को स्वतंत्र रूप से कार्य करने हेतु संघ स्तर पर नियम बनाये जाएंगे समूह को आश्वसान दिया गया। तत्पश्चात में परिसर में लगे मशीनों का निरीक्षण करते हुये समूह से जानकारी ली गई जिसमें वर्षाकाल में डिसेन्ट ट्रे ड्रायर का उपयोग ज्यादा होना बताया गया। समूह द्वारा पाउडर डिह्यूमिडिफायर एवं पल्वराइजर पैकिंग मशीन के बारे में बतया गया। उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा पैकिंग एवं लेबलिंग के बारे में चर्चा किया गया। सीनियर एक्जीक्यूटिव के द्वारा पल्वराइजर मशीन ब्राहमोशिफ्टर मशीन एवं प्रसंस्करण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदाय किया गया। प्रबंध संचालक द्वारा स्टॉक कक्ष में रखे कच्चे औषधि का निरीक्षण कराये जिसमें उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा संग्रहण एवं वर्तमान समूह एवं ग्रामीण स्तर में औषधि संग्रहण बढ़ावा देने हेतु कार्य योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। समूह के द्वारा लाभांश में हो रहे विलंब के बारे में चर्चा किया गया।

**अलग खबर**

### साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने किया निर्देशित

**खास बात**

- छग राज्य लघु वनोपज संघ उपाध्यक्ष ने वन धन विकास केंद्र डोंगानाला का किया निरीक्षण



## राज्य शासन ने एनडीडीबी को सौंपा था काम

# अब तक काम शुरू नहीं कर सकी जिले की 6 दुग्ध सहकारी समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दूध उत्पादन बढ़ाने व ग्रामीण क्षेत्रों के मवेशी पालकों को दूध व्यवसाय से जोड़ने के लिए डेढ़ वर्ष पूर्व पशु धन विभाग और सहकारिता विभाग के द्वारा

**खास बात**

- डेढ़ वर्ष पूर्व पशुधन विकास विभाग ने यिा था 6 समितियों का गठन

जिले में पाली, कोरबा व कटघोरा विकासखंड में 6 सहकारी समितियों का गठन किया गया। जिसकी जिम्मेदारी नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड को सौंपी गई थी। जिसके द्वारा अब तक समितियों को कार्यक्षेत्र में आगे नहीं बढ़ाया जा सका है।

दुग्ध सहकारी समिति गठित करने के पीछे सरकार की मंशा आदिवासी क्षेत्रों के मवेशी पालकों को दुग्ध उत्पादन में आगे बढ़ाना और आर्थिक रुप से सक्षम बनाने की थी। प्रदेश के 6 जिलों में इस योजना के तहत कार्य शुरु किया गया और इसके तहत कोरबा जिले में भी सहकारिता विभाग और पशु विभाग को जिले के सभी विकासखंड में समिति बनाने की जिम्मेदारी दी गई। नवंबर 2024 में जिले में 6 दुग्ध सहकारी समिति गठित हुई इन समितियों के गठन के बाद दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में कार्य कराने के लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड को सौंप दिया गया। जिनके अधिकारी बिलासपुर में बैठते हैं और जिले में महज कभी कभार दौरा कर समितियों की बैठक ले लेते हैं। डेढ़ वर्ष के इस लंबे कार्यकाल मे किसी भी समिति के द्वारा दुग्ध उत्पादन का कार्य शुरु नहीं किया गया है। एक तरह से ये समितियां केवल कागजों में सिमटी है। उनके मैदानी स्तर पर कार्य करने के लिए जिम्मेदारी उठाने वाले एनडीडीबी के अधिकारी केवल बैठकों तक सीमित है।



फाइल फोटो

**कहां कितनी समिति गठित**

| ब्लॉक | गांव |
|---|---|
| कोरबा | कोरकोमा |
| कटघोरा | कोरई |
| करतला | निरंक |
| पोड़ी उपरोड़ा | निरंक |
| पाली | नानबांका, सरईसिंगार, हरदीबाजार, बड़ेबांका |

**एनडीडीबी को जिम्मेदारी दी गई**

6 दूध सहकारी समितियों का गठन किया गया है। एनडीडीबी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है लेकिन अब तक काम शुरु नहीं हुआ है। एनडीडीबी के अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित कर दिया गया है।

-एस एन मिश्रा
उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग

**कंपनियां खरीदती हैं दूध**

समितियों के द्वारा डेयरी संचालन के माध्यम से उत्पादित किए गए दूध को सीधे कंपनियां खरीदती इसके लिए एनडीडीबी के द्वारा सभी ब्लाक में अपने एजेंट बैठाए जाते। जिनके माध्यम से कंपनियां समितियों के द्वारा संचालित डेयरी तक पहुंचती और दूध खरीदती। इससे मवेशी पालकों को यह फायदा होता कि उनके दूध गांव में ही खरीदे जाते, बेचने के लिए शहर नहीं आना पड़ता। जैसा कि अभी दूध उत्पादकों को शहर के होटलों व रेस्टोरेंट में अपने दूध बेचने पड़ रहे हैं।

# महिला पंच और पति सहित बच्चों के लापता होने की खबर निकली झूठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करूमौहा निवासी महिला पंच निर्मला मंझवार पति दिलमोहन के परिजनों ने विगत दिनों लिखित में शिकायत की थी कि दोनों पति पत्नी व उनके बच्चे अचानक लापता हो गए थे। मामले की शिकायत पर पुलिस की टीम तत्काल हरकत में आयी और मामले की छानबीन शुरु की तो पता चला कि निर्मला मंझवार अपने पति के साथ जिला जांजगीर चांपा के मालखदौरा अपने निजी काम से गई है। दोनों ने रजगामार चौकी आकर थाना में उपस्थिति दर्ज भी करायी है। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खुंटे ने बताया कि लापता होने के भ्रामक जानकारी दी गई है। गांव में सरपंच को लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है और 25 मार्च को मतदान होना है इसी को लेकर भ्रामक जानकारी दी गई थी। महिला पंच अपने पति के साथ आकर थाना में उपस्थिति दर्ज करायी है।



महिला पंच, पति व बच्चे।

## शराब पीने से रोका तो भड़के युवकों ने की सुरक्षाकर्मी से मारपीट

**कोरबा।** पुरानस बस स्टैंड स्थित अनंत इमैजिन सोसाइटी परिसर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब कुछ युवकों ने सुरक्षा गार्ड पर ही हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि गार्ड ने परिसर के अंदर शराब पीने से मना किया, जिससे नाराज युवकों ने उस पर जमकर मारपीट कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले बहस हुई, फिर देखते ही देखते मामला हिंसा में बदल गया। युवकों ने गार्ड को घेरकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। घायल गार्ड को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्ती नहीं हुई तो इस तरह की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# गेवरा रोड-रायपुर मेमू, कोरबा-रायपुर पैसेंजर सहित कई ट्रेनें 30 से 11 अप्रैल तक रहेंगी रद्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल मंडल रायपुर से बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ की ओर रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए आने वाले दिन कष्टकारी हो सकते हैं। हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी और यार्ड रिमाडलिंग का काम शुरू होने जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लिए गए इस ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 30 मार्च से 11 अप्रैल तक रायपुर से छूटने वाली और रायपुर आने वाली कई महत्वपूर्ण मेमू व पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे प्रशासन के इस निर्णय का सबसे बड़ा असर उन नौकरीपेशा और व्यापारियों पर पड़ेगा जो रायपुर से कोरबा और गेवरा रोड के बीच प्रतिदिन सफर करते हैं। रायपुर-कोरबा और रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर 30 मार्च से 11 अप्रैल तक पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं। इसके अलावा बिलासपुर-रायगढ़ और बिलासपुर-कोरबा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों के पहिये भी 11 दिनों तक थमे रहेंगे। बड़ी संख्या में रद हो रही ट्रेनों को देखते हुए रेलवे ने रायपुर और कोरबा के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को लेकर विशेष व्यवस्था की है। गाड़ी संख्या 18250, 18249 और 18252, 18251 कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा और बिलासपुर के बीच पैसेंजर ट्रेन की तरह चलाया जाएगा। इससे रास्ते के छोटे स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में कुछ सहूलियत मिल सकेगी।

**ये गाड़ियां रहेंगी रद्द**

- रायपुर-कोरबा पैसेंजर गाड़ी संख्या 58204 जो 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- कोरबा-रायपुर पैसेंजर गाड़ी संख्या 58203 जो 31 मार्च से 11 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- रायपुर-गेवरा रोड मेमू गाड़ी संख्या 68746 जो 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रद्द।
- गेवरा रोड-रायपुर मेमू गाड़ी संख्या 68745 जो 31 मार्च से 11 अप्रैल तक रद्द।

## करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** एक चिट फंड कंपनी का डायरेक्टर का पार्टनर जिसने करोड़ों रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया था जिसकी पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। जब उसका कुछ पता नहीं चला तो जिला पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया था और इस बीच आरोपी मलेशिया भागने का फिराक में था लेकिन दिल्ली एयरपोर्ट में उसे धरदबोचा गया। जैसे ही जिला पुलिस को इसकी सूचना मिली पुलिस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले स्थानीय लोगों ने वर्ष 2016 में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक चिट फंड कंपनी द्वारा लोगों को सब्जबाग दिखाकर करोड़ों रुपए की ठगी के घटना को अंजाम दिया गया था। इस बीच पुलिस ने प्रार्थी के लिए शिकायत पर लगभग 5 करोड़ 60 लख रुपए की ठगी किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। प्रकरण में चिट फंड कंपनी के डायरेक्टर अतुल सिंह का पार्टनर ग्वालियर निवासी राजीव गुप्ता पिता लच्छी राम गुप्ता के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। तब से लेकर राजीव गुप्ता लंबे समय से फरार चल रहा था।

# धनरास राखड़ बांध से प्रभावित ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम धनरास और उसके आसपास रहने वाले ग्रामीणों ने एनटीपीसी प्रबंधन की वादा खिलाफ फिर से मोर्चा खोलते हुए धनरास राखड़ डेम जा पहुंचे थे और चक्काजाम कर अपनी आवाज बुलंद की है। चक्काजाम की वजह से राखड़ परिवहन में लगे वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी। ग्रामीण लंबे समय से प्रबंधन से अपनी मांग करते आ रहे हैं लेकिन प्रबंधन अपनी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

एनटीपीसी कोरबा के धनरास स्थित राखड़ बांध से होने वाले प्रदूषण और वादों की वादाखिलाफी के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस आंदोलन के कारण राख परिवहन का मार्ग पूरी तरह ठप हो गया है और बड़ी संख्या में भारी वाहन जहां-तहां फंस गए हैं। ग्रामीणों का जीना दूभर हो चुका है। बांध से उड़ने वाली राख न केवल उनके फेफड़ों में जहर घोल रही है, बल्कि बहकर आने वाली राख ने खेतों और रिहायशी इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि राखड़ डस्ट से प्रभावित लोगों के लिए क्षतिपूर्ति का प्रावधान है, लेकिन बार-बार के आंदोलनों के बावजूद ग्रामीणों को यह राशि नहीं मिली। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में हुए समझौतों के दौरान घमौटा गांव के समीप वॉटर पंप लगाने और अन्य जनहित कार्यों को प्राथमिकता देने का वचन दिया गया था, जिसे अब तक ठंडे बस्ते में डाल कर रखा गया है। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण लंबे समय से न्याय की गुहार लगा रहे थे, लेकिन सुनवाई न होने पर उन्हें मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ा। निश्चितकालीन हड़ताल के चलते राखड़ बांध से होने वाला परिवहन पूरी तरह बाधित है। मार्ग के दोनों ओर ट्रकों की लंबी कतारें लग गई हैं। आंदोलनकारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस अमल नहीं होता और क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया जाता, यह प्रदर्शन जारी रहेगा।



चक्काजाम करते हुए ग्रामीण।

# न्यायालय ने माना सेवानिवृत्ति के बाद आवास खाली न करना अनाधिकृत प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) से जुड़े मामले में दिया गया फैसला देशभर के औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण संकेत लेकर आया है। इस निर्णय ने साफ कर दिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद कंपनी आवास खाली ना करना अनधिकृत प्रयास है। साथ ही यह निर्णय रिटायर्ड कर्मचारियों से कंपनी आवास खाली कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

यह निर्णय केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं है, बल्कि कोरबा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है, जहां भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको), राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत बोर्ड (सीएसईबी) लंबे समय से आवास खाली नहीं करा पाने की समस्या से जूझ रहे हैं। कोरबा के औद्योगिक टाउनशिप में यह एक आम समस्या रही है कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारी समय पर कंपनी द्वारा आवंटित आवास खाली नहीं करते। इससे नए कर्मचारियों के लिए आवास की कमी होती है, संचालन और मानव संसाधन प्रबंधन प्रभावित होता है और कंपनियों पर अतिरिक्त प्रशासनिक तथा कानूनी दबाव बनता है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी एक साथ कंपनी का क्वार्टर कब्जे में रखकर ग्रेच्युटी का दावा नहीं कर सकते। अनधिकृत कब्जे की स्थिति में पेनल रेंट वसूलना वैध है साथ ही ग्रेच्युटी भुगतान को आवास खाली करने से जोड़ा जा सकता है। यह निर्णय कोरबा की कंपनियों को एक मजबूत कानूनी आधार देता है, जिससे वे अपनी हाउसिंग पॉलिसी को प्रभावी ढंग से लागू कर सकती हैं। एनटीपीसी, बालको और सीएसईबी इन कंपनियों के टाउनशिप मॉडल में आवास एक महत्वपूर्ण सुविधा है। लेकिन जब रिटायर्ड कर्मचारी समय पर घर खाली नहीं करते, तो नए कर्मचारियों को बाहर रहना पड़ता है, कंपनी की उत्पादकता पर अप्रत्यक्ष असर पड़ता है साथ ही अनुशासन और नीति अनुपालन कमजोर होता है।

**जांजगीर मार्केट**

**फर्नीचर**

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कूलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, हॉस्टल फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष: (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट (1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिज़ाइन एवं डेकोरेशन

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेताजी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

**समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज**
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**कार्यालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 126/ब-121/2025-2026
ग्राम पामगढ़ तहसील पामगढ़

आवेदक श्री पीयुष ज्योति पिता श्री दूजेराम ज्योति जाति सूर्यवंशी एवं आवेदिका श्रीमती आंचल ज्योति पति श्री पीयुष ज्योति जाति सूर्यवंशी दोनो निवासी ग्राम वार्ड नं. 12 अजल नगर, नगर पंचायत पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पीयुष ज्योति पिता श्री दूजेराम ज्योति जाति सूर्यवंशी एवं आवेदिका श्रीमती आंचल ज्योति पति श्री पीयुष ज्योति जाति सूर्यवंशी दोनो निवासी ग्राम वार्ड नं. 12 अजल नगर, नगर पंचायत पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर -चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 05.02. 2026 को नगर पंचायत पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 29.04.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 20.03.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**संयुक्त कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 127/ब-121/2025-26
ग्राम पामगढ़ तहसील पामगढ़

आवेदक श्री आयुष ज्योति पिता श्री दूजेराम ज्योति जाति सूर्यवंशी एवं आवेदिका श्रीमती सुनीता ज्योति पति श्री आयुष ज्योति जाति सूर्यवंशी दोनो निवासी ग्राम वार्ड नं. 12 अजल नगर, नगर पंचायत पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आयुष ज्योति पिता श्री दूजेराम ज्योति जाति सूर्यवंशी एवं आवेदिका श्रीमती सुनीता ज्योति पति श्री आयुष ज्योति जाति सूर्यवंशी दोनो निवासी ग्राम वार्ड नं. 12 अजल नगर, नगर पंचायत पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 06.02.2026 को ग्राम देवरी (खरौद) तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 29.04.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20.03.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**संयुक्त कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय - सुश्री शुभदा गोयल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सक्ती जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**नोटिस**

प्रोसेस नं. 52/2026
उत्तराधिकार प्र.क्र. 05/2026
पेशी दिनांक- 09/04/2026

भाकूलाल लहरे...आवेदक **बनाम**
आम जनता वगैरह........अनावेदकगण

प्रति,
आम जनता जिसका संबंध मृतक महेत्तर, साकिन ग्राम बोडसरा, तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. से हो।

आवेदक ने धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत मृतक महेत्तर, के नाम पर जमा राशि मय ब्याज सहित को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन, अनावेदकगण के विरूद्ध प्रस्तुत किये है। उक्त प्रकरण में सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 09/04/2026 को दिन के 11:00 बजे होगी। अतः उक्त प्रकरण में जो कोई व्यक्ति हित रखता हो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में पैरवी करने के लिए दिनांक 09/04/2026 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें। दिनांक 09/04/2026 को उपस्थित न होने पर आपकी अनुपस्थिती में प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कायर्वाही कर सुनवाई की जावेगी। यदि किसी कारण वश दिनांक 09/04/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 24-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया
दिनांक-24/02/2026

**(सुश्री शुभदा गोयल)**
**प्रथम व्यबहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, सक्ती, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**



# नवाजुद्दीन ने शुरू की तुम्बाड 2 की शूटिंग, सोहम के साथ आए नजर

**मुंबई।** सोमवार को नवाजुद्दीन सिद्दीकी, निर्माता और अभिनेता सोहम शाह को मुंबई के मड आइलैंड में देखा गया। इस दौरान अपने फिल्म क्रू के साथ दिखाई दिए। सोहम शाह, नवाजुद्दीन सिद्दीकी से बातचीत करते थे। यह दोनों फिल्म तुम्बाड 2 की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। बता दें कि 2018 में रिलीज हुई हॉरर, थ्रिलर फिल्म तुम्बाड़ का यह सीक्वल है नवाजुद्दीन के किरदार की जहां तक बात है तो उनके किरदार का नाम पांडुरंग होगा। इसमें नवाज के किरदार में कई परतें होंगी। कहानी को लेकर भी मेकर्स का कहना है कि यह पिछली फिल्म से ज्यादा डरावनी होगी। 'तुम्बाड' की बात करें तो साल 2018 में रिलीज हुई इस डार्क फैंटेसी-हॉरर फिल्म में लालच के दुष्परिणामों को दिखाया गया था।



## लाइफ Style

# सान्या
## सुंदर पूनम की पहली झलक आई सामने

सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म 'सुंदर पूनम' का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। एक्ट्रेस का लुक इस फिल्म में काफी रहस्यमयी दिख रहा है। यूजर्स को लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम'एक असल मर्डर से प्रेरित है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। फर्स्ट लुक देखकर लगता है कि वह कोई आम दुल्हन नहीं है, उनके किरदार में कई परतें हैं। फर्स्ट लुक से लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम'अपने स्टोरी से दर्शकों को चौंका देगी, इसमें थ्रिलर, सस्पेंस की डोज मिलेगी। सुंदर पूनम के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन बन है, उसका फोन लगातार बज रहा है। जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहा है। आखिर में दुल्हन मुस्कुराती है। पीछे से एक खबर सुनाई देती है कि एक शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया।

इस फिल्म में एक नया शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। हनीमून के दौरान यह जोड़ा अचानक लापता हो जाता है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आता है। इसमें उसकी जुनून भरी प्रेम कहानी है और उलझा हुआ अतीत है, जो दर्शकों को चौंकाने के लिए काफी है। फिल्म 'सुंदर पूनम' में सान्या मल्होत्रा के अलावा आदित्य रावल और विक्रम मल्होत्रा भी नजर आएंगे। फिल्म को पुलकित ने निर्देशित किया है। यह प्राइम वीडियो पर जल्द ही रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# मास्टर्स ऑफ हॉरर से मिली थी पहचान

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय हॉरर टेलीविजन सीरीज में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर कनाडाई अभिनेत्री कैरी ऐन फ्लेमिंग का 51 साल की उम्र में निधन हो गया है। कैरी एन फ्लेमिंग ने टेलीविजन सीरीज 'वाइपर'से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद वो एडम सैंडलर की फिल्म 'हैप्पी गिलमोर' में भी दिखाई दीं। इस दौरान उन्होंने फिल्मों और टेलीविजन में छोटी, लेकिन यादगार भूमिकाएं निभाईं। साल 2005 में आई निर्देशक डारियो अर्जेंटो की एंथोलॉजी सीरीज 'मास्टर्स ऑफ हॉरर' से फ्लेमिंग को सफलता मिली।



# के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने किया 'बीटीएस 2.0' का ऐलान...

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया भर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। उन्होंने नेटफ्लिक्स के कॉन्सर्ट स्पेशल 'बीटीएस द कमबैक लाइव एरिरंग' के दौरान अपने एक नए दौर की शुरुआत का ऐलान किया है। इसका नाम 'बीटीएस 2.0' है। बीटीएस 'एरिरंग वर्ल्ड टूर' पर निकलने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 9 अप्रैल को दक्षिण कोरिया के गोयांग से होगी। यह टूर अगले एक साल में 23 देशों के 34 शहरों का दौरा करेगा। इस टूर से इस ग्रुप की लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 2022 के बाद पहली बार शुक्रवार को सियोल के ग्वांगह्वामुन स्क्वायर में बीटीएस के कार्यक्रम को लाइव-स्ट्रीम किया गया। 2022 में सदस्यों ने अपनी अनिवार्य सैन्य सेवा पूरी करने के लिए इसे रोक दिया था। शो के दौरान फैंस को संबोधित करते हुए, सदस्य जे-होप ने कोरियाई भाषा में आभार व्यक्त किया।



# अल्लू संग साउथ फिल्म में की एंट्री...

**मुंबई।** साउथ स्टार अल्लू अर्जुन अपनी आगामी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी नाम 'एए22xए6' है। इस फिल्म का निर्देशन 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, फिल्म में कई बड़े स्टार्स हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। अब नई खबरों के अनुसार, अनुष्का शर्मा भी इस साइंस फिक्शन फिल्म में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड की एक और बड़ी स्टार इस प्रोजेक्ट से जुड़ने वाली हैं। बताया जा रहा है कि वे फिल्म में शामिल होने के लिए बातचीत कर रही हैं और अगर यह सच साबित होता है, तो यह उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अनुष्का शर्मा आखिरी बार 2018 में शाहरुख खान और कटरीना कैफ के साथ आई फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं।



# एक बार फिर हॉरर का डोज देंगे अजय...

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों 'दृश्यम 3' और 'गोलमाल 5' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उनकी एक और आगामी फिल्म को लेकर दिलचस्प खबर सामने आई है। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर की दुनिया में वापसी करने वाले हैं। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। इसके लिए उन्होंने 'सरदारजी' फ्रेंचाइजी के निर्देशक रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। अजय देवगन भूत (2003) और काल (2005) जैसी हॉरर फिल्मों में दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। अब कथित तौर पर एक्टर एक बार फिर हॉरर मूवी में नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, अजय देवगन ने हॉरर फिल्म के लिए रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। फिलहाल मेकर्स इस प्रोजेक्ट के प्री-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं।

## टीवी मसाला



# शिव बने द 50 के विजेता ट्रॉफी के साथ जीते 50 लाख

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'द 50' का समापन हो गया है। हफ्तों की कड़ी टक्कर और मनोरंजक एपिसोड के बाद इस शो को अपना विजेता मिल गया है। शुरुआत में इस शो में टेलीविजन, सोशल मीडिया और मनोरंजन जगत के 50 कंटेस्टेंट्स शामिल थे। इसके फाइनल एपिसोड तक पहुंचते-पहुंचते इसमें कुछ ही कंटेस्टेंट्स बचे थे। शिव ठाकरे इस शो के विजेता बने हैं। उन्होंने 50 लाख रुपए की राशि जीती है। शिव ठाकरे ने मिस्टर फैसु, काका, रजत दलाल और कृष्णा श्रॉफ के साथ मुकाबला करने के बाद ट्रॉफी जीती। फैंस ने सोशल मीडिया पर शिव को बधाई दी और उनकी जीत को पूरी तरह से सही बताया। इस जीत के साथ, उन्होंने एक बार फिर रियलिटी शो में अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग और लोकप्रियता साबित कर दी। जीत के बारे में बात करते हुए, शिव ठाकरे ने कहा, 'यह 50 का अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैं शिव ठाकरे का एक अलग पहलू दिखाना चाहता था। एक ऐसा पहलू जो यह मानता है कि अपनी बात सुनाने के लिए आपको चिल्लाने या लड़ने की जरूरत नहीं है। आप पूरे दिल से खेल सकते हैं, खुद के प्रति सच्चे रह सकते हैं। फिर भी जीत सकते हैं। पहले सीजन का विजेता बनना, खासकर 50 मजबूत खिलाड़ियों के बीच, एक ऐसी बात है जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। इससे मुझे बेहद खुशी मिली है।' रियलिटी शो 'द 50' की शुरुआत 50 प्रतियोगियों के साथ हुई।

## आसान रास्ता ढूंढ रहे होते हैं : राजीव

**मुंबई।** राजीव खंडेलवाल ने कई बार इंडस्ट्री में अपने कास्टिंग काउच के अनुभव शेयर किए हैं और कहा है कि ऐसी स्थितियां आम हैं, जहां



ताकतवर लोग नए कलाकारों का शोषण करते हैं। अब एक नए इंटरव्यू में राजीव ने फिर से इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर अपनी राय रखी है और कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि अब भी कास्टिंग काउच में कमी आई है। मुझे महिलाओं से या नए कलाकारों से पूछना पड़ेगा कि क्या वे खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं? क्या वे भी वही सब झेल रहे हैं जो हमने झेला, जब इंडस्ट्री ज्यादा छोटी और जुड़ी हुई थी, जहां कुछ बातों पर कोई चर्चा नहीं होती थी और लोग मानते थे कि यही इंडस्ट्री का नियम है? राजीव खंडेलावल ने कहा कि जब वे सुनते हैं कि कोई सालों तक हैरास हुआ, तो उनके मन में सवाल आता है, आप वहां सालों तक क्यों रहे? शायद आप भी आसान रास्ता ढूंढ रहे थे।

# गृह मंत्रालय से 10 वकीलों ने की नोरा का वर्क परमिट रद्द करने की मांग

**मुंबई।** कनाडा मूल की बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कन्नड़ फिल्म 'केडी डेविल' में उनके गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर खूब बवाल मचा हुआ है। इस गाने के हिंदी वर्जन में बेहद अश्लील बोल हैं, जिसको लेकर नोरा फतेही और संजय दत्त लोगों के निशाने पर हैं। अब खबर ये है कि यह मामला और बढ़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 10 वकीलों के एक ग्रुप ने गृह मंत्रालय से संपर्क किया है और नोरा फतेही का वर्क परमिट रद्द करने की मांग की है। यही नहीं, इन वकीलों ने मांग की है कि नोरा फतेही को भारत से डिपोर्ट कर दिया जाए। यह सब ऐसे समय में भी हो रहा है, जब भारत सरकार ने 'सरके चुनर तेरी सरके' गाने को बैन कर दिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। जबकि गीतकार रकीब आलम ने डायरेक्टर को ठीकरा



फोड़ा है। आरोप लगाया कि डायरेक्टर प्रेम ने कन्नड़ गीत का ही जबरन वर्ड-टू-वर्ड ट्रांसलेशन करवाया है। हालांकि, नोरा के खिलाफ यह कदम थोड़ा अजीब इसलिए भी है कि फिल्म के मेकर्स या इसी गाने में नजर आए संजय दत्त को लेकर उतना शोर नहीं है, जितना एक्ट्रेस को लेकर है। बहरहाल, अपनी याचिका में वकीलों ने आरोप लगाया है कि यह गाना 'बेहद अश्लील' है, यौन रूप से उत्तेजक है, और सार्वजनिक नैतिकता के साथ-साथ महिलाओं की गरिमा के लिए भी अपमानजनक है। उन्होंने आगे तर्क दिया कि नोरा फतेही ने इस तरह के कंटेंट से जुड़कर भारत में काम करने के अपने विशेषाधिकार का दुरुपयोग किया है। वकीलों ने याचिका में विदेशी अधिनियम, 1946 के प्रावधानों का भी हवाला दिया है। इससे पहले, ऑनलाइन ट्रोलिंग और आलोचनाओं के बीच नोरा फतेही ने भी बीते दिनों इस पर जवाब दिया था।

# मार्च के आखिरी वीक ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाका



**मुंबई।** मार्च का महीना काफी खास रहा है। होली और ईद के त्योहार का जश्न मनाया गया। चैत्र नवरात्रि चल रही हैं। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' ने भी इसी महीने दस्तक दी, जिसकी वजह से सिनेमाघर गुलजार हैं। इस महीने ओटीटी पर भी कई खास फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब मार्च का आखिरी वीक सोमवार से शुरू हो चुका है।

**ओ रोमियो :** सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो फिल्म अब ओटीटी पर भी आ रही है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर आएगी। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी। प्राइम सब्सक्राइबर्स के लिए यह फिल्म अप्रैल के पहले या दूसरे वीक तक स्ट्रीम होने की उम्मीद है।

**कट्टान :** यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं। 27 मार्च से यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**डिटेक्टिव होल :** अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी।

**समथिंग वेरी बैड इज गोइंग टू हैपन :** यह अमेरिकी हॉरर सीरीज है। इसे स्ट्रेंजर थिंग्स के लिए मशहूर डफर ब्रदर्स ने बनाया है। छह एपिसोड की इस सीरीज में कैमिला मोरोन और एडम डिमार्को मुख्य भूमिका में हैं। 'समथिंग वेरी बैड इज गोइंग टू हैपन' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## 'राम तो हर युग जन्म लेते हैं, लेकिन लक्ष्मण केवल एक ही बार पैदा होते हैं'

# 24 घंटे में लिखी स्क्रिप्ट, फिर मनोज ने बनाई कालजयी फिल्म

***नई दिल्ली।*** *भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से मुलाकात के बाद सुपर स्टार मनोज कुमार दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना। उसके दिमाग में उथल-पुथल मची हुई थी। ऐसे में उसने ट्रेन में ही अपनी अगली फिल्म का फर्स्ट हाफ लिख लिया। कहानी भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। मनोज कुमार यह फिल्म राजेश खन्ना को लेकर बनाना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी। ऐसे में उन्होंने खुद ही फिल्म के डायरेक्शन की कमाल संभाली। आशा पारेख और प्राण को अहम भूमिकाओं के लिए साइन किया। फिर क्या था, ऐसी फिल्म बनकर तैयार हुई जिसने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। मूवी ने उस साल 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते। बेस्ट फीचर फिल्म का सेकंड नेशनल अवॉर्ड भी जीता।*

## 1967 में सिनेमाघरों में आई थी फिल्म

भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर बॉलीवुड में कई फिल्में बनाई गई हैं। ऐसी ही एक फिल्म 1967 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म का नाम 'उपकार' था, जिसका डायरेक्शन मनोज कुमार ने किया था। प्रोड्यूसर हरिकिशन आर. मिरचंदानी और आरएन गोस्वामी थी। मनोज कुमार को इस फिल्म को बनाने की प्रेरण तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई मुलाकात से मिली थी। यह मुलाकात 'शहीद' फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान हुई थी। फिल्म किसान और जवान के योगदान को दिखाती है। शास्त्री ने ही मनोज कुमार को 'जय जवान-जय किसान' थीम पर फिल्म बनाने का सुझाव दिया था। शास्त्री से मुलाकात के बाद जब मनोज कुमार दिल्ली से मुंबई वापस लौट रहे थे तो उन्होंने फिल्म का फर्स्ट हाफ लिख लिया था।




## कसमें वादे प्यार वफा सब

'कसमें वादे प्यार वफा सब..' से एक और दिलचस्प किस्सा जुड़ा हुआ है। जब मनोज कुमार ने इस गाने को प्राण पर फिल्माने के बारे में बताया तो फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर कल्याण जी - आनंद जी नाखुश हो गए। उन्होंने सोचा कि मनोज इतने अच्छे गाने को विलेन पर फिल्मा रहे हैं, लेकिन यह गाना मैसिव हिट रहा और प्राण की इमेज भी इसी गाने ने बदल दी।

## कल्याण जी - आनंद जी का था म्यूजिक

वैसे तो मनोज कुमार यह फिल्म राजेश खन्ना के साथ बनाना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी। राजेश खन्ना ने ऑल इंडिया टैलेंट कॉन्टेस्ट जीत लिया था, ऐसे में वो फिल्म से पीछे हट गए। बाद में उनका रोल प्रेम चोपड़ा को दिया गया। फिल्म में आशा पारेख, प्रेम चोपड़ा, प्राण, कामिनी कौशल और मदन पुरी की भूमिकाएं बेहद खास थीं। म्यूजिक कल्याण जी - आनंद जी का था। फिल्म के गाने कमर जलालाबादी, इंदीवर, गुलशन बावरा और प्रेम धवन ने लिखे थे। फिल्म का देशभक्ति से ओत-प्रोत गाना 'मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे-मोती' गुलशन बावरा ने लिखा था। यह कालजयी गाना आज भी हमें 26 जनवरी और 15 अगस्त को पूरे देश में सुनने को मिलता है।

## फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई

'उपकार' मूवी ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। यह 1967 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। 1.4 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने करीब 3.5 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई। उपकार को 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे।

## बतौर डायरेक्टर मनोज की पहली फिल्म थी

*बतौर डायरेक्टर यह मनोज कुमार की पहली फिल्म थी। यह फिल्म प्राण के कॅरियर के लिए टर्निंग प्वॉइंट साबित हुई. उन्होंने पहली बार सकारात्मक भूमिका निभाई थी। 'मलंग चाचा' का कालजयी किरदार प्राण ने ही निभाया था। 'कसमें वादे प्यार वफा सब, बातें हैं बातों का क्या' जैसा एवरग्रीन सैड सॉन्ग उन पर फिल्माया गया था। गाने के बोल दिल को चीर देने वाले थे। उनका डायलॉग 'राम तो हर युग जन्म लेते हैं, लेकिन लक्ष्मण केवल एक ही बार पैदा होते हैं' कितना फेमस हुआ, आप सबको पता है। उनका इसी फिल्म का एक और डायलॉग 'राशन पर भाषण बहुत हैं, लेकिन भाषण पर राशन कोई नहीं' आज भी फेमस है।*

## खबर संक्षेप

### मां संतोषी के दर्शन करने से सभी मनोकामना होती है पूर्ण



**जांजगीर-चांपा।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर सिवनी स्थित संतोषी मंदिर में दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। गौरव ग्राम सिवनी नैला में स्थित मां संतोषी नवदुर्गाओं में से एक हैं। संतोषी माता की पूजा से संतोष और सुख की प्राप्ति होती है। उनकी पूजा से घर में शांति और समृद्धि आती है। मां संतोषी को संतोष की देवी माना जाता है, उनकी पूजा करने से मन की शांति मिलती है। संतोषी माता की पूजा से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं उनकी पूजा से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। मां संतोषी को गेहूं और गुड़ का भोग लगाया जाता है, उनकी पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। संतोषी माता की पूजा से आत्मविश्वास बढ़ता है, उनकी पूजा से मानसिक तनाव दूर होता है। मां संतोषी की पूजा से घर में सुख-शांति आती है, उनकी पूजा करने से जीवन में संतोष आता है। संतोषी माता की पूजा से आर्थिक लाभ होता है, उनकी पूजा से परिवार में प्रेम बढ़ता है। मां संतोषी को शांति और समृद्धि की देवी माना जाता है, उनकी पूजा से जीवन में सकारात्मकता आती है। संतोषी माता की पूजा से मन की शांति मिलती है, उनकी पूजा से आत्म-विश्वास बढ़ता है। मां संतोषी की पूजा से घर में सुख-समृद्धि आती है, उनकी पूजा करने से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं। संतोषी माता की पूजा करने से परिवार में सुख-शांति आती है। मां संतोषी को गेहूं और गुड़ का भोग लगाया जाता है उनकी पूजा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में महाआरती व सामूहिक सुदंरकांडठ पाठ आज

**जांजगीर-चांपा।** भगवान भोले नाथ के ग्यारहों रुद्र के अवतारी राम भक्त हनुमान की जनमोंत्सव चैत्र



पुर्णिमा दिन गुरुवार को मनाया जाएगा । पं. किरण कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन्होने भगवान श्री रामजी का काज किया उनके जन्म दिवस के पावन अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में भक्तों के कष्टो के निवारण के लिए दो दिवसीय संकट निवारण मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा, जिसमें तीन खन्डो में दीप दान होगा। सुन्दरकाण्ड महा ज्योति दीप दान, हनुमान चालिसा दीप दान, संकट निवारण मनोकामना दीप दान। मंदिर में दीप दान की तैयारी पुर्ण कर लिया गया है। हनुमान जन्मोत्सव पर भक्त जन अपने नाम से मंदिर में दीप दान कर सकते है। प्राचिन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर नगर का आस्था का प्रमुख केन्द्र है। मंदिर में प्रति मंगलवार को दर्शन के लिए भक्तों की भीड उमड़ती है। बुधवार 25 अप्रैल को शाम 4 बजे हनुमान जी को खीर प्रसाद अर्पण कर वितरण किया जाएगा । इस दिन सायं 6 बजे सेन्दुराभिषेक, 6:30 बजे महाआरती एवं 8 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**चांपा।** धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला चांपा के भोजपुर की है। इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेश कुमार देवांगन निवासी भोजपुर चांपा थाना में 15 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके द्वारा आयोजित भागवत कथा के अवसर पर भोजपुर स्थित समलाई मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने मुख्य मार्ग किनारे एक फ्लेक्स बैनर लगाया गया था। घटना के दिन कलश यात्रा के दौरान जब श्रद्धालु हसदेव नदी से जल भरकर लौट रहे थे, उसी समय आरोपी राजेश वाल्टर ने उक्त फ्लेक्स बैनर को फाड़ दिया, जिससे हिन्दू धर्म की आस्था को ठेस पहुंची। रिपोर्ट के आधार पर थाना चांपा में अपराध कायम कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान आरोपी राजेश वाल्टर उम्र 71 वर्ष निवासी मिशन फाटक रोड भोजपुर चांपा से पूछताछ में अपराध स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक वैष्णव, सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल दिवाकर एवं थाना चांपा स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## निधन

### विनोद कुमार मिश्रा

**चांपा।** स्थानीय ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक रहसबेड़ा निवासी विनोद कुमार



मिश्रा का मंगलवार 24 मार्च को दोपहर 2.30 बजे निवास पर हृदयाघात से निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। स्व. मिश्रा अपने पीछे एक पुत्र एवं चार पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि पुत्र केदारनाथ मिश्रा ने दी।

जनप्रतिनिधि और नगरवासी पहुंचे समर्थन देने

# एफआईआर दर्ज करने के विरोध में नगरपालिका अध्यक्ष ने शुरु किया अनिश्चितकालीन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सोमवार को गोपिया तालाब के पास किये गये धरना प्रदर्शन के बाद मंगलवार को शास्त्री चौक में अनिश्चित कालीन धरना प्रारंभ कर दिया गया है। सुबह से ही धरना स्थल पर जन प्रतिनिधियों के साथ नगरवासी समर्थन देने के लिए पहुंचे।

गौरतलब है कि नगर के वार्ड नंबर-19 के गोपिया तालाब के पार को काटने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। पहले इस मामले में नगरपालिका अध्यक्ष समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया। अब पालिका अध्यक्ष ने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा गोपिया तालाब का मेड काटकर पानी बहाने के लिए अध्यक्ष एवं पार्षद के विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके विरोध में सोमवार को पालिका अध्यक्ष दीप्ति सरथी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। तहसीलदार एवं सीएमओ द्वारा चर्चा कर धरना समाप्त करने का प्रयास किया गया, किन्तु उसका समाधान नहीं निकल पाया। इधर मंगलवार 24 मार्च से नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा शास्त्री चौक में अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरु कर दिया गया है। अध्यक्ष का कहना है कि इस आंदोलन को जल आवर्धन एवं जल संचयन सत्याग्रह नाम देते हुए गोपिया तालाब में जल संचयन एवंपुर्नचकण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाये तथा दुर्भावना पूर्वक किये गये एफआईआर को वापस लिया जाये, क्योकि उन्होंने मेड़ फोड़कर पानी बहाने का निर्णय अपने पदीय कर्तव्य एवं अधिकार का उपयोग करते हुए किया है। अध्यक्ष ने बताया कि गोपिया तालाब के लिए 27 लाख रुपये तालाब की गहरीकरण सफाई एवं संवर्धन के लिए शासन द्वारा आबंटित किया गया है, जिसे अमल में लाने के लिए 14 माह से प्रयास किया जा रहा है, किन्तु सीएमओ द्वारा लगातार इस कार्य को टाला जा रहा है। इसी के साथ बलौदा नगर पंचायत को ऐसे ही कार्य के लिए मिली राशि से कार्य पूर्णतः की ओर है। धरना आंदोलन में पार्षद माधुरी पालीवाल, वैशाली सिंह, रुक्मणी वैष्णव, दिनेश दास, आशीष प्रसाद, वरिष्ट नागरिक मंच के रमेन्द्र चौहान, मनोज मिश्रा, मदन बैस, मनोज अग्रवाल, महेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सुशील जैन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।




शास्त्री चौक में अनिश्चतकालीन धरना आंदोलन पर बैठी नगरपालिका अध्यक्ष।

**बुलाया था चर्चा के लिए**

समस्या के समाधान के लिए अनुविभागीय अधिकारी व सीएमओं के साथ नगरपालिका अध्यक्ष को चर्चा के लिए बुलाया किन्तु वे चर्चा के लिए नहीं आई जिससे स्थिति यथावत बनी हुई है।

-अविनाश चौहान, तहसीलदार अकलतरा



शराब पीकर वाहन चलाने चालकों की जांच करती पुलिस।

# यातायात नियमों का उल्लंघन, 78 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ चार शराबी वाहन चालक भी आए पकड़ में

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत यातायात नियमों का उल्लंघ करते पाए जाने पर 78 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। वहीं इस मामले में चार वाहन चालक शराब के नशे में वाहन का परिचालन करते पाए गए है।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संचालित किया गया। अभियान के दौरान मंगलवार 24 मार्च को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 4 शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों को पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त 78 वाहन चालकों के विरुद्ध विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई की गई। शराब सेवन कर वाहन चलाना, नो एंट्री में वाहन प्रवेश एवं खड़ी करना, ट्रिपल सवारी बैठना एवं बिना हेलमेट वाहन चलाना, माल वाहक में सवारी बैठाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाकर एवं यातायात नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

# नवरात्रि पर्व पर मां रक्तमावली मंदिर में जगमगा रहे आस्था के दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहर्सी

चैत्र नवरात्र के अवसर पर बांधावा तालाब के तट पर विराजमान आदिशक्ति मां रक्तमावली दाई मंदिर में आस्था के दीप जगमगा रहे है। यहां भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्ज्वलन कराया गया है। चैत्र नवरात्र के अवसर पर पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया है। बासंती नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में रोज भजन-कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बाहर से आने वाले जसगती पार्टी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो इसके लिए माता सेवा समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। मंदिर के पुजारी द्वारा पूजा पाठ कराया जा रहा है। नवरात्रि पर यहां घी एवं तेल दोनों मिलाकर 479 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। मनोकामना ज्योति कलश का देखरेख एवं पूजा-पाठ माता सेवा समिति के पंडा द्वारा किया जा रहा है। माता सेवा समिति के सदस्यों द्वारा यहां आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो देखरेख किया जा रहा है। मां रक्तमावली मंदिर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर माता का दर्शन करने भक्तों की भीड़ पहुंच रही है। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे है। क्षेत्र के अलावा आसपास के गांवों और दूरराज से से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। 31 मार्च मंगलवर के दिन कामता प्रसाद जसगीत पार्टी का आयोजन किया गया है। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त मां रक्तमावली के विधि विधान से पूजा-अर्चना कर सच्चे मन से मन्नत मांगते है मां उनकी हर मनोकामना पूरी करती है। माता के दरबार में बुधवार सप्तमी एवं गुरुवार अष्टमी को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेगे।



### पर्चा लीक होने के बाद रद्द कर पुनः परीक्षा लेने का निर्णय लाखों छात्रों के साथ अन्याय : गुप्ता

**चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 12वीं बोर्ड के हिंदी प्रश्नपत्र को पर्चा लीक होने के बाद रद्द कर पुनः परीक्षा लेने का निर्णय लाखों छात्रों के साथ अन्याय है। इस निर्णय पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नागेंद्र गुप्ता ने भाजपा सरकार की लापरवाही बताते हुए कहा कि यह मामला न केवल परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि सरकार और शिक्षा तंत्र की गंभीर लापरवाही को भी उजागर करता है। 14 मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा का प्रश्नपत्र 13 मार्च को ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। नागेन्द्र गुप्ता का कहना है कि सरकार और मंडल की गलती की सजा अब छात्र-छात्राओं को भुगतनी पड़ेगी। लगभग 2.5 लाख परीक्षार्थियों को दोबारा परीक्षा देना पड़ेगा।



# परिचय सम्मेलन वैवाहिक संबंधों की दिशा में सकारात्मक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न

गुरु घासीदास सतनामी समाज वैवाहिक समिति छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में रविवार 22 मार्च को सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन जांजगीर में उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत गुरु घासीदास के पूजा अर्चना से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर डी. एल. अनंत अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आलोक नाथ मंगलम एम.डी., जिला अस्पताल जांजगीर ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में विजय कुमार लहरें जिला शिक्षा अधिकारी, महासमुंद तथा विशिष्ट अतिथियों में बी. आर. रत्नाकर प्राचार्य एवं जिला अध्यक्ष, अजाक्स जांजगीर, ए. डी. आजाद, साहित्यकार हरप्रसाद निडर, डॉ. चंद्रशेखर खरे कृषि वैज्ञानिक, अधिवक्ता लक्ष्मी लहरें, धनीराम बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय प्रस्तुत किया, जिससे आपसी समझ और संवाद को प्रोत्साहन मिला। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता, शिक्षा, संस्कार, नशामुक्ति एवं पारिवारिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए अध्यक्ष उमेश कुमार महिलांगे की विशेष प्रशंसा की और इसे समाज के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं समाज के लोगों का विशेष योगदान रहा। सम्मेलन के दौरान निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बालचंद भारती प्राचार्य द्वारा किया गया।




कार्यक्रम में मंचस्थि अतिथिगण।

# राज्य स्तरीय पर्वतारोहण शिविर के लिए विद्यार्थी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्काउट एवं गाइड दल के सदस्यों का चयन मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में आयोजित राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर के लिए हुआ है।

शिविर का आयोजन 25 मार्च से 29 मार्च 2026 तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय साहसिक संस्थान, पचमढ़ी में किया जा रहा है। शिविर में भाग लेने हेतु विद्यालय के स्काउट मास्टर अनुराग कसेर के नेतृत्व में स्काउट धीरज डहरिया, सामवेद वैष्णव तथा गाइड माही सिंह एवं तराना पटेल का चयन किया गया है। प्रतिभागी दल 24 मार्च 2026 को पचमढ़ी के लिए रवाना हो गया।इस उपलब्धि पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, सह सचिव पंकज दोषी, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन, आय-व्यय निरीक्षक विकास केडिया सहित ट्रस्ट के समस्त सदस्यों एवं विद्यालय के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा, गाइड प्रभारी देवकी वैष्णव तथा स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



पचमगढ़ी में आयोजित राज्य स्तरीय पर्वतारोहण के लिए चयनित विद्यार्थी।

# लीनेस क्लब जाज्वल्या ने नवरात्रि में मानसिक दिव्यांग विद्यालय में कपड़े,फल एवं मिष्ठान का किया वितरण

**जांजगीर-चांपा।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीजी-1,स्वर्णिम छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या द्वारा नवरात्रि में मानसिक दिव्यांग अवासीय विद्यालय, देव सेवा समिति में कपड़े ,फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया।

लीनेस सदस्यों ने कहा कि लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या द्वारा सेवा कार्य तत्परता से किया जा रहा है( हम जरूरतमंद लोगो की मदद करेंगे तो समाज मजबूत होगा और आपस मे सौहार्द बढेगा। कपड़े एवं स्वल्पाहार पाकर देव सेवा समिति के लाभान्वित बच्चों,बुजुर्गों एवं संचालक अगम बर्मन,अधीक्षक प्रवीण कुमार ने लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या के प्रति आभार जताया। इस अवसर में अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा,सचिव लीनेस जूही गौरहा, कोषाध्यक्ष लीनेस नामिषा थवाईत,उपाध्यक्ष लीनेस कल्पना केशरवानी, लीनेस डॉ मधुलता शर्मा, लीनेस प्राची पाण्डेय,लीनेस गंगा गट्टानी,लीनेस डॉ प्रभा साव,लीनेस छवि जैन,आशी जैन,संचालक अगम बर्मन, अधीक्षक प्रवीण कुमार, चौकीदार अमन यादव उपस्थित थे ।



## कलेक्टर ने अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ रिफ्लेक्टर एवं सुरक्षा संकेतक लगाने दिए निर्देश

# दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में कराएं त्वरित सुधार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार 24 मार्च को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री तोपनो ने जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में त्वरित सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक दुर्घटना वाले स्थानों पर जागरूकता बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षा संकेतक अनिवार्य रूप से लगाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने संवेदनशील क्षेत्रों में सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में तेजी लाने और सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने जिले में मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, परिवहन और बिक्री पर कड़ा नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को समन्वय के साथ नियमित कार्रवाई और फील्ड निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही मेडिकल स्टोर्स व क्लीनिकों की जांच, प्रतिबंधित दवाओं की निगरानी और अवैध क्लीनिकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोटपा एक्ट के तहत स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने तथा युवाओं में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, उल्लास योजना एवं आधार एमबीयू से जुड़े कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।




बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

